लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4083

25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

समर्थ के अंतर्गत कार्यान्वयन भागीदार

4083. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान समर्थ योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में कुल कितने कार्यान्वयन भागीदार (आईपी) हैं;

(ख) महाराष्ट्र की ओर से कार्यान्वयन भागीदारों को सूचीबद्ध करने के लिए प्राप्त विचाराधीन प्रस्तावों की जिलावार संख्या कितनी है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान इस योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र में प्रशिक्षित और नियोजित लाभार्थियों की श्रेणीवार, घटकवार और जिलावार कुल संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार द्वारा प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) और मूल्यांकनकर्ताओं का प्रशिक्षण (टीओए) किया जाता है;

(ङ) यदि हां, तो उन कार्य अंतरालों का ब्यौरा क्या है जिनमें यह प्रशिक्षण दिया जाता है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) महाराष्ट्र में कार्यान्वयन भागीदारों को सौंपे गए और उनके द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण लक्ष्यों का वर्षवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): महाराष्ट्र में कार्यालय पता वाले कुल 10 कार्यान्वयन साझेदारों को पिछले तीन वर्षों में समर्थ योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया है, अर्थात वित्त वर्ष 2021-22 में 4 आईपी और वित्त वर्ष 2023-24 में 6 आईपी।

(ख): नए कार्यान्वयन भागीदारों का पैनल बनाने के लिए 06.12.2024 को आरएफपी जारी किया गया था। इस आरएफपी के तहत, महाराष्ट्र में कार्यालय पते वाले आवेदकों से 13 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ये प्रस्ताव विचाराधीन हैं।

(ग): पिछले तीन वर्षों के दौरान समर्थ योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित (उत्तीर्ण) और नियोजित लाभार्थियों का श्रेणीवार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है तथा महाराष्ट्र का जिलावार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(घ): जी हां।

(ङ): वस्त्र समिति, जो कि समर्थ योजना के अंतर्गत संसाधन सहायता एजेंसी (आरएसए) है, नियमित आधार पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटीएस) और मूल्यांकनकर्ताओं का प्रशिक्षण (टीओए) आयोजित करती है क्योंकि ये गतिविधियां वस्त्र उद्योग की मांग पर आधारित होती हैं।

(च): समर्थ योजना के अंतर्गत लक्ष्य का राज्यवार आवंटन नहीं है। तथापि, कार्यान्वयन भागीदार देश भर में प्रशिक्षण केंद्र खोल सकते हैं।

अनुबंध-I

पिछले तीन वर्षों के दौरान समर्थ योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित (उत्तीर्ण) एवं नियोजित लाभार्थियों का श्रेणीवार विवरण नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	ज़िला	सामान्य	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन-जाति	कुल
1	बीड	115	0	0	0	115
2	कोल्हापुर	293	69	54	1	417
3	लातूर	186	3	50	1	240
4	मुंबई	207	296	188	0	691
5	नागपुर	852	182	1,012	172	2,218
6	नांदेड़	25	0	64	0	89
7	नासिक	26	0	0	0	26
8	पालघर	153	10	89	86	338
9	पुणे	14	0	27	6	47
10	रायगढ़	132	0	53	24	209
11	रत्नागिरि	70	0	0	0	70
12	सांगली	117	22	0	0	139
13	सतारा	60	0	0	0	60
14	ठाणे	1,521	270	1,763	966	4,520
	कुल	**3,771**	**852**	**3,300**	**1,256**	**9,179**

अनुबंध-II

पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में समर्थ योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित (उत्तीर्ण) और नियोजित लाभार्थियों का जिलावार विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	ज़िला	प्रशिक्षित (उत्तीर्ण)	नियोजित
1	बीड	115	96
2	कोल्हापुर	417	380
3	लातूर	240	238
4	मुंबई	691	316
5	नागपुर	2,218	1,912
6	नांदेड़	89	89
7	नासिक	26	26
8	पालघर	338	308
9	पुणे	47	43
10	रायगढ़	209	176
11	रत्नागिरि	70	70
12	सांगली	139	139
13	सतारा	60	60
14	ठाणे	4,520	3,920
	कुल	**9,179**	**7,773**

*****